### डॉ. सचीन परब के कोलकाता में विविध कार्यक्रम

# राजयोग है नशामुक्ति की सर्वश्रेष्ठ औषधि

बांगुर एवेन्यु बीके परिवार के साथ डॉ. सचीन।

**शिव आमंत्रण, कोलकाता।** आज नशे से दुनियाभर में अनेक समस्याओं का इजाफा हुआ है चाहे वो शारीरिक व मानसिक हो या आर्थिक। ऐसे स्थिति में नशामुक्ति के लिए जागृति लाना महत्वपूर्ण कार्य है। इसको ध्यान में रखते हुए कोलकाता के बांगुर एवेन्यू सेवाकेंद्र द्वारा 2 दिवसीय डी एडिक्शन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित मुंबई से संस्था के व्यसनमुक्ति अभियान के निदेशक डॉ. सचिन परब ने नशाजनित बिमारियों की अलग-अलग अवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राजयोग के अभ्यास से जीवन व्यसनमुक्त बन सकता है। न्यू टाउन हॉल हाईट कॉम्पलेक्स के कम्यूनिटी हॉल में आयोजित इस ट्रेनिंग कार्यक्रम का काफी संख्या में लोगों ने लाभ लिया और अंत में सभी ने स्कूल, कॉलेज एवं युवा संस्थाओं से इस सेवा का प्रारंभ करने की योजना बनाई।

#### से यस टू फ्रीडम

अगली कड़ी में बांगुर सेवाकेंद्र पर डी एडिक्शन पर से यस टू फ्रीडम नो टू टोबैको विषय पर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसे डॉ. सचिन परब ने सम्बोधित किया। अंत में कुछ लोगों ने व्यसन छोड़ने की प्रतिज्ञा की और उनके उमंग को कायम रखने के लिए सेवाकेंद्र प्रभारी बीके मधु ने उन्हें फीलिंग ग्रेट नामक पुस्तक प्रदान की। इस दौरान सेवाकेंद्र पर चिकित्सकों के लिए भी वर्ल्ड नो टोबैको डे के उपलक्ष्य में सीक्रेट ऑफ अल्टीमेट ट्रूथ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एस. के. रॉय, डॉ. मलय भट्टाचार्य, आईएमए के पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. आर. डी. दुबे, सेवाकेंद्र प्रभारी बीके मधु, बीके अस्मिता ने किया। ऐसे ही एक अन्य कार्यक्रम बांगुर सेवाकेंद्र और संघमित्रा क्लब दोनों के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया जिसमें आओ व्यसनों को छोड़े खुशियों को अपनाएं विषय पर चर्चा की। इस मौके पर दमदम नगरपालिका के चेयरमैन हरेंदर सिंह, काउंसलर रॉबिन धारिया, प्रख्यात क्रिकेट प्लेयर वृद्धिमान शाह, बीके मधु, बीके पदमा, बीके डॉ. सचिन परब समेत अनेक गणमान्य लोगों ने वातावरण और परिवार को सकारात्मक और व्यसनमुक्त बनाने की प्रेरणा दी।

## तमिल यूनिवर्सिटी के साथ एम.ओ.यू.

**शिव आमंत्रण, तंजावुर।** भारत को विश्व गुरू बनाने की राह पर ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के शिक्षा प्रभाग ने एक और कदम आगे बढ़ाया है। संस्थान के शिक्षा प्रभाग द्वारा चलायें जा रहे मूल्य निष्ठ शिक्षा में डिप्लोमा व सर्टीफिकेट कोर्सेज को अब तमिलनाडु के तंजावुर स्थित तमिल यूनिवर्सिटी ने भी अपने पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया है। तमिल यूनिवर्सिटी में कुलपति जी. भास्करन, रजिस्ट्रार मुथुकुमार, नोडल ऑफिसर बीके पद्मनाभन, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के शिक्षा प्रभाग के उपाध्यक्ष बीके मृत्युंजय, दूरस्थ शिक्षा के निदेशक बीके पंडियामणी, स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ज्ञानसुन्दरी की उपस्थिति में एम.ओ.यू. साईन हुआ। एम.ओ.यू के पश्चात जी. भास्करन व मुथुकुमार को बीके मृत्युंजय व बीके पंडियामंणी ने सम्मानित

एमओयू एक्स्चेंज करते बीके मृत्युंजय व कुलपति जी. भास्करन

# गिरती हुई समाज व्यवस्था को संभालती है आध्यात्मिकता

**विधान परिषद के सभापति श्रीमंतराम राजे नाईक निंबालकर के विचार**

शिव आमंत्रण ■ पुणे।

गिरती हुई समाज व्यवस्था को ब्रेक लगाने का कार्य आध्यात्मिकता करती है, इसलिए युवकों ने अध्यात्म को आत्मसात कर नई पीढी निर्माण करने के लिए प्रयास करना चाहिए। उक्त विचार महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति श्रीमंतराम राजे नाईक निंबाळकर ने व्यक्त किए। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजनीतिज्ञ सेवा प्रभाग द्वारा एक दिवसीय सम्मेलन और मेडिटेशन सत्र बालगंधर्व रंगमंदिर, पुणे में आयोजित किया था। इस

पुणे मे सम्मेलन व मेडिटेशन सत्र का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते

अवसर पर लक्ष्मण राव ढोबळे (पूर्वमंत्री), पिंपरी चिंचवड के महापौर नितिन काळजे, अशोक मोहोळ, शरद रणपिसे , रविंद्र माळवदकर, सम्राट थोरात, राजनिति प्रभाग के अध्यक्ष बीके बृजमोहन, मैसूर की बीके लक्ष्मी, मीरा सोसाइटी सेवाकेंद्र की संचालिका बीके सुनंदा, बीके नलिनी समेत पुणे और पिंपरी चिंचवड महानगर पालिका के नगरसेवक और ग्रामपंचायत सदस्य उपस्थित थे ।

श्रीमंत रामराजे नाईक निंबाळकर ने कहा, की जीवन में मिले हर दिन का इस्तेमाल अच्छे कामों में करना चाहिए । जीवन की कई समस्याओं को अध्यात्म से सुलझाया जा सकता है ।

राजनिति प्रभाग के अध्यक्ष बीके बृजमोहन ने कहा की समय अनुसार राजनीती में अध्यात्म की बहुत जरुरत है। जब राज्य सत्ता और अध्यात्म एक हो जायेंगे तब भारत में रामराज्य स्थापन होगा। भारत देश की महिमा अपरमपार है जिसको एक समय पे सोने की चिडिया कहा जाता था - जब वहाँ नैतिक मूल्यों का जतन किया जाता था। भारत पर बहोत आक्रमण हुये लेकिन भारत देश ने किसी लालसा में कभी अपमान नहीं किया

## समस्या को समस्या मानना ही सबसे बड़ी समस्या : बीके सूरज

**शिव आमंत्रण, भोपाल।** भोपाल के विधान सभा में खुशनुमा जीवन जीने की कला विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षक बीके सूरज ने कहा कि समस्या को समस्या मानना ही सबसे बड़ी समस्या है। कोई भी परिस्थिति अगर जीवन में आती है तो उसे अवसर के रूप में स्वीकार करना चाहिए। साथ ही बीके नीता ने राजयोग की विधि सिखाई। टीटी नगर सेवाकेंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधानसभा के उपस्थित सभी अधिकारियों ने लाभ लिया। अंत में बीके सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया व सदस्यों ने भी ईश्वरीय सौगात भेंट की। ईदगाह हिल्स सेवाकेंद्र और गांधी मेडिकल कॉलेज के द्वारा भी अवेकनिंग द इनर पावर विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज, पीपल्स यूनिवर्सिटी, एम्स, चिरायू मेडिकल कॉलेज समेत अनेक कॉलेजेस के मेडिकल स्टुडेंटस ने भाग लिया।

## बहादुरगढ़ में चला स्वच्छता अभियान

स्वच्छता अभियान में सहभागी ब्रह्माकुमारी सदस्य।

**शिव आमंत्रण, बहादुरगढ़।** मेरा भारत- स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हरियाणा के बहादुरगढ़ में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान व क्लीन एंड ग्रीन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसका शुभारंभ विधायक नरेश कौशिक ने किया। शहर के मुख्य गंदगी वाले स्थान को संस्था के 120 सदस्यों ने मिलकर स्वच्छ किया। इस सामाजिक कार्य को देखकर श्रीश्री जगन्नाथ सेवा संस्था के कार्यकर्ता भी सहयोगी बनें। सेवाकेंद्र प्रभारी बीके अंजलि के मार्गदर्शन में जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। बीके विनीता और बीके रेनू ने भी स्वच्छता अभियान मे सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अपने आस-पास स्वच्छता रखने की प्रतिज्ञा ली।

## भूमि सुधार मंत्री ने किया अवलोकन

मंत्री मदन मोहन झा का स्वागत करती बीके रानी।

**शिव आमंत्रण, मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के नए भवन निर्माण के लिए ली गई ज़मीन पर हो रहे सेवा कार्यों का बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री मदन मोहन झा ने अवलोकन किया। इसके साथ ही वहाँ उपस्थित संस्थान के सदस्यों को उनके सेवा कार्यों के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनकी सराहना की। आमगोला रोड स्थित सुख-शांति भवन में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान के सेवाकार्यों का विस्तार आज पुरे संसार में है। यह भारतीय आध्यात्मिक चेतना की पराकाष्ठा है। यहाँ सिखाया जानेवाला योग सर्वोत्तम है। इस अवसर पर मुजफ्फरपुर सबजोन प्रभारी बीके रानी, विधायक केदार प्रसाद गुप्ता समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अंत में बीके रानी ने राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री को शॉल ओढ़ाकर व ईश्वरीय सौगात भेंटकर सम्मानित किया।

# मानसिक स्थिरता से मिलता है हर समस्या का सहज समाधान

### सिंगरौली में हेल्दी लाइफ स्टाइल पर कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान

हेल्दी लाइफ स्टाइल कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करते अतिथि।

**शिव आमंत्रण, सिंगरौली।** जिसका तन एवं मन दोनों स्वस्थ हैं वह कई सारी समस्याओं से स्वत: ही मुक्त हो जाता है एवं अपने जीवन में अतिरिक्त उन्नति भी कर सकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये मध्यप्रदेश के सिंगरौली में ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र द्वारा हेल्दी लाइफ स्टाइल फॉर हैप्पी एंड हेल्दी लिविंग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व जीएम ए. के. झा, आई स्पेशलिस्ट डॉ. गुप्ता, रिलाइंस साशन पावर प्लांट के जितेंद्र प्रसाद, एनटीपीसी ब्लड बैंक के डॉ. शर्मा, माउंट आबू से आए हृदय रोग विशेषज्ञ बीके डॉ. सतीश गुप्ता, भोपाल जोन की निदेशिका बीके अवधेश, छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा, स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शोभा एवं अन्य बीके सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस अवसर पर बीके डॉ सतीश चंद्र गुप्ता ने स्वस्थ्य व सुखी जीवन के गुर सिखाए एवं राजयोग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। सेवाकेंद्र द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत सभी बीके सदस्यों ने नगर में सफाई कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी और रैली निकालकर परमात्म अवतरण का संदेश देते हुए तन के साथ-साथ मन को स्वच्छ रखने का आह्वान भी किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रप्रताप विश्वकर्मा, महापौर प्रेमवती खाईवार, मध्यप्रदेश में जर्नलिस्ट यूनियन के उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, भोपाल जोन की निदेशिका बीके अवधेश, छतरपुर सेवाकेंद्र की प्रभारी बीके शैलजा एवं स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शोभा, भोपाल अरेरा कॉलोनी सेवाकेंद्र की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके रानी सहित अनेक बीके सदस्य शामिल थे।

**जागरूकता** | **मेडिटेशन से हो सकते हैं व्यसन मुक्त, मिल सकता है बीमारियों से छुटकारा**

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा जगह-जगह पर नशामुक्ति कार्यक्रम

नशा मुक्ति रैली में संदेशपरक झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र तथा तख्तियां हाथ में थाम कर रैली में नशामुक्ति का संदेश देतीं बीके भाई-बहनें।

**शिव आमंत्रण, आबूरोड।** नशामुक्ति दिवस पर संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय स्थित आबू रोड समेत देश के कई हिस्सों में धूम्रपान तथा नशे से बचने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया। कहीं व्यसनमुक्ति पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई तो कहीं लघु नाटिका के ज़रिए लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। इसके तहत आबू रोड में नशा से बचने के लिए रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया। जिसमें गेल इंडिया के प्रबन्धक मधूसूदन, रिको क्षेत्र के क्षेत्रिय मैनेजर वैष्णव, ग्लोबल हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक डॉ. प्रताप मिडढा, संस्था के सूचना निदेशक बीके करुणा, शांतिवन के मुख्य आंभयन्ता बीके भरत समेत कई लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवानगी कर दी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे बोलते हुए मेडिकल विंग के कार्यकारी सचिव बीके बनारसी ने कहा, व्यसनों से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, लोग अस्थमा, टीबी, कॅन्सर, हार्ट की बीमारी आदी के शिकार हो रहे है। मेडिटेशन से 65 प्रतिशत लोगों ने व्यसन छोड दिया है। अपना गाव व्यसनमुक्त बनायेंगे तो सरकारी लिष्ट मे आ जायेगा।

संस्था के सूचना निदेशक बीके करूणा ने कहा, जो चीज भगवान को चढा नही सकते वह सेवन कर रहे है तो भगवान आप को कैसे स्वीकार करेगा? गांवों मे जाकर सबको व्यसनों से मुक्त करने का संकल्प संस्था के मेडिकल विंग ने लिया है।

रिको क्षेत्र के क्षेत्रिय मैनेजर वैष्णव ने सवाल किया कि पेट्रोल पर चलनेवाली गाडी मे आप पानी या डिझेल डाल देंगे तो गाडी का क्या हाल होगा? व्यसन करने से शरीर की हालत भी ऐसी ही होगी।

#### व्यसन छोड़ो, दीर्घायु बनो

ग्लोबल हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक डॉ. प्रताप मिड्ढा ने कहा, लंबी और स्वस्थ आयु जीना है तो व्यसनों को छोडना पडेगा। सांतपुर गांव व्यसनमुक्त बने यह संकल्प आप सब मिलकर लेंगे तो व्यसन गाव के अंदर प्रवेश भी नही कर सकेगा। आबू रोड के शांतपुर में जागृति के बाद यह रैली संगम भवन पर समाप्त हो गयी।

## राष्ट्रीय समाचार

### नरकटियागंज में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

**शिव आमंत्रण, नरकटियागंज।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा विश्वभर में वृक्षारोपण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में बिहार के नरकटियागंज में भी पर्यावरण रक्षा हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सेवाकेन्द्र संचालिका बीके अबीता ने पर्यावरण सन्तुलन के बारे में सभी को जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान में पर्यावरण सन्तुलन का बिगड़ना मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी है। अगर इसे नहीं सुना गया तो भविष्य में इसके परिणाम बहुत ही घातक होंगे। अतः हमें इसके बारे में अभी सचेत होकर अपने पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्वों को पूरा करना चाहिए।

### काली मंदिर का शिलान्यास

**शिव मंदिर, पटना।** पटना के बरह में माँ काली मंदिर का शिलान्यास समारोह पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा एक शाम शिव शक्ति यों के नाम विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीजेपी विधायक विजय कुमार सिन्हा, संस्थान के बरह सेवाकेन्द्र की संचालिका बीके ज्योति, बीके माला, शिक्षक रमाकान्त सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन से किया । इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बीके ज्योति ने दैवी तत्वों से जुड़े रहस्यों को उजागर करते हुए कहा कि वह मनुष्य देव तुल्य है जो अपने मन-वचन-कर्म को दूसरों के हित अर्थ उपयोग करे। जो दूसरों की भलाई करता है उसका जीवन अपने आप समर्थ बनता जाता है।

### नव निर्वाचित नगर प्रमुख का सम्मान

**शिव आमंत्रण, नेपाल।** नेपाल के तरहू जिला की व्यास नगरपालिका के नवनिर्वाचित नगरप्रमुख वैकुण्ठ न्यौपाने को संस्थान के तरहू सेवाकेन्द्र पर सेवाकेन्द्र संचालिका बीके प्रणीता ने सम्मानित किया। इस दौरान बीके प्रणीता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में स्वशासन से सुप्रशासन व्यवस्था बनाने की ज्यादा जरूरत है। हमें अपने विचारों को सकारात्मक बनाकर उन्हें समाज कल्याण में लगाना चाहिए और यही आदत हमें समाजोपयोगी बनाती जाती है।

### प्रतिस्पर्धा ने बनाया बच्चों को मूल्यहीन

**शिव आमंत्रण, वर्धा।** महाराष्ट्र के वर्धा में सात दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें सुशील हिम्मत सिंगका कॉलेज की प्राचार्या अपर्णा देवढ़े ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि आज हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा दिखाई देती है। जिसके कारण बच्चे मूल्यहीन होते जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बढ़ता पाठ्यक्रम एवं परीक्षा केंद्रित शिक्षाप्रणाली बच्चों के जीवन में तनाव का मुख्य कारण है। अतः ऐसे समय में इस संस्कार शिविर की आवश्यकता हर एक बच्चे को है । राजेंद्र प्राइमरी स्कूल के मुख्याध्यापक नागभासे सर, डॉ. शालिनी मुंढे, सिंदी रेल्वे सेवाकेंद्र की प्रभारी बीके मधु, बीके ज्योति ने भी बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए अपने विचार व्यक्त किये । इस अवसर पर बच्चों को चित्रकला एवं गीत के साथ- साथ सहनशीलता एवं मधुरता जैसे नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी दी गई तथा उपस्थित अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया गया।

### सिमराही बाजार में स्नेह मिलन कार्यक्रम

**शिव आमंत्रण, सिमराही बाजार।** सुपौल के सिमराही बाजार में विभिन्न अधिकारियों के लिए स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीडीओ मनोज कुमार, सीआई जगदेव सिंह, सेन्ट्रल बैंक मैनेजर सचिन कुमार, सतीश कुमार, वरिष्ठ व्यवसायी रघुबीर भगत, संस्थान के मुख्यालय मांउण्ट आबू से बीके भूवन देव, बीके बबीता, बीके नीतू, डॉ. संजय सिंह, डॉ. रविन्द्र कुमार, कृष्ण कूमार रॉय, पत्रकार अरूण जैयसवाल, सतीश कुमार सुधान्सू, पूर्व चैयरमैन विनय वर्धन मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सेवाकेन्द्र संचालिका बीके रंजु ने अपने सम्बोधन में स्पष्ट किया कि आध्यात्मिकता की समावेश हर क्षेत्र में जरूरी है। आध्यात्मिकता के समावेश से हर परिस्थिति का सहज समाधान हो सकता है। अन्त में सभी को ईश्वरीय सौगात भी भेंट की गई।

### वाह ज़िन्दगी वाह कार्यक्रम का आयोजन

**शिव आमंत्रण, सिरसा ।** हरियाणा, सिरसा के कंगनपुर में आध्यात्मिक सशक्ति करण से वाह ज़िंदगी वाह विषय पर कार्य म आयोजित किया गया, जिसका शुभारम्भ विश्व वाहिनी हिंदु महासंघ की राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पारूल ढाका एवं वासुदेव ढाका, सेवाकेंद्र प्रभारी बीके बिंदु, बीके ओम प्रकाश, तथा अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम में बीके बिंदु ने कहा कि हमें जिंदगी को वाह-वाह बनाने के लिए हरेक में गुण देखना आवश्यक है। इस दौरान सभी को राजयोग का अभ्यास कराकर गहन शान्ति की अनुभूति कराई गई। जिसका लाभ नगर के प्रबुद्ध एवं गणमान्य नागरिकों सहित कई लोगों ने लिया। कार्यक्रम के शुभारम्भ समारोह में विश्व वाहिनी हिन्दु महा संघ की राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष बहन पारूल ढाका और श्री वासुदेव ढाका जी विशेष तौर पर उपस्थित हुए और इस आयोजन के प्रति अपनी शुभ कामनाएं व्यक्त की। राजयोगिनी बी के बिन्दू बहन ने इस मौके अपने आशीवर्चन उदबोधन में सभी भाई-बहनों से जीवन में ज्यादा से ज्यादा सकारात्मक होने का आग्रह किया और कहा कि वर्तमान समय हर परिस्थिति के प्रति हमारी पॉजिटिव सोच ही सर्व समस्याओं का समाधान है

### नशामुक्ति के लिए निकाली रैली

**शिव आमंत्रण, गोरखपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शाहपुर केंद्र द्वारा रैली निकालकर लोगों को नशे के प्रति सावधान करते हुए इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। शोभायात्रा को शाहपुर इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शाहपुर सेवाकेंद्र अनुभूति भवन से शुरू होकर गीता वाटिका, असुरन चौक खरैया पोखरा व मेडिकल कालेज रोड होते हुए पुनः अनुभूति भवन पर समाप्त हुई। शाहपुर सेवाकेन्द्र संचालिका बीके पारूल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में संस्था के सदस्यो ने लोगों से नशा छोड़ने की अपील की तथा नशा मुक्ति फॉर्म भी भरवाया। इस अवसर पर मांडवी, अनीता, माधुरी, अभिषेक, तेज प्रसाद, रामू, अशोक व कृष्णमोहन आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे।